रीट की विज्ञप्ति

संशोधन–

अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निम्न संशोधन किये गये है:–

- रीट 2017 में सभी वर्गो के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 60 प्रतिशत निर्धारित है, केवल अनूसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम 36 प्रतिशत अंक निर्धारित थे। रीट 2021 में रियायते रियायत प्रदान की गई है:–

<table>
<tr><th rowspan="2">क्र. सं.</th><th rowspan="2">श्रेणी</th><th colspan="2">REET-2017 में न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रतिशत</th><th colspan="2">REET-2021 में न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रतिशत</th></tr>
<tr><th>Non TSP</th><th>TSP</th><th>Non TSP</th><th>TSP</th></tr>
<tr><td>1</td><td>सामान्य/अनारक्षित</td><td>60</td><td>60</td><td>60</td><td>60</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अनुसूचित जनजाति (ST)</td><td>60</td><td>36</td><td>55</td><td>36</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अनुसूचित जाति (SC), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), अति पिछड़ा वर्ग (MBC) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)</td><td colspan="2">60</td><td colspan="2">55</td></tr>
<tr><td>4</td><td>समस्त श्रेणी की विधवा एवं परित्यक्ता महिलाऐं, भूतपूर्व सैनिक</td><td colspan="2">60</td><td colspan="2">50</td></tr>
<tr><td>5</td><td>दिव्यांग (निःशक्तजन) श्रेणी में नियमानुसार आने वाले समस्त व्यक्ति</td><td colspan="2">60</td><td colspan="2">40</td></tr>
<tr><td>6</td><td>सहरिया जनजाति के व्यक्तियों</td><td colspan="2">60</td><td colspan="2">36
(सहरिया क्षेत्र)</td></tr>
</table>

- REET-2021 लेवल–2 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अधिसूचना दिनांक 13 नवम्बर, 2019 द्वारा किए गए प्रावधानानुसार **"कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या स्नातकोत्तर तथा बी.एड."** स्नातकोत्तर योग्यताधारी अभ्यर्थियों को शामिल होने का मौका दिया गया है। अर्थात जिन अभ्यर्थियों के स्नातक परीक्षा में 50 प्रतिशत से न्यून प्राप्तांक है परन्तु स्नातकोत्तर में 50 प्रतिशत अथवा अधिक प्राप्तांक है, वे REET-2021 में आवेदन हेतु पात्र होंगे।

- REET-2017 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष योग्यजन/ विधवा/तलाकशुदा महिला वर्गो के अभ्यर्थियों को ही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता (सीनियर सेकण्डरी अथवा स्नातक) के अर्हक अंको में 5 प्रतिशत की छूट थी। REET-2021 में अति पिछड़ा वर्ग (MBC) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को भी निर्धारित शैक्षणिक योग्यता (सीनियर सेकण्डरी अथवा स्नातक) के अर्हक अंको में 5 प्रतिशत की छूट दी गई है।

- वाणिज्य जैसे विषय के अभ्यर्थियों को अब तक रीट से वंचित रखा गया था। जिसे संशोधन कर इस विषय को सामाजिक अध्ययन लेवल–2 में शामिल किया गया है।

- अध्यापक भर्ती में लेवल–2 हेतु रीट में प्राप्त अंकों के अनुपात को बढाया गया है। पूर्व में लेवल–2 में रीट में प्राप्त अंकों का भार 70 प्रतिशत था जबकि अकादमिक भार 30 प्रतिशत था। अब इसे 90:10 कर दिया गया है।

भर्ती का अनुपात	रीट में प्राप्त अंको का भार	अकादमिक भार
पूर्ववत	70	30
वर्तमान	90	10

पाठ्यकम में संशोधनः–

1. पूर्व रीट परीक्षाओं में 2011 में बने पाठ्यकम से रीट का आयोजन किया जा रहा था। जबकि पाठ्यपुस्तकों में कई बार परिवर्तन किया जा चुका है। हमने वर्तमान में चल रही पाठ्यपुस्तकों के आधार पर पाठ्यकम का निर्माण NCTE की गाइड लाईन के आधार पर करवाया गया है। जिसमें राजस्थान के भुगोल, इतिहास, कला, संस्कृति आदि सम्बन्धित टापिक को पाठ्यकम का हिस्सा बनाया गया है।

बी.एड. योग्यताधारियों को एल–1 में शामिल नहीं किया गयाः–

1. डी.एल.एड. एवं बी.एल.एड योग्यताधारियों के हितों को ध्यान में रखकर बी.एड. योग्यताधारियों को इसमें शामिल नहीं किया गया है क्योकि बीएड योग्यताधारियों के पास एल–2, ग्रेड–2, ग्रेड–1 आदि कई विकल्प मौजुद है।

- कोविड–19 महामारी की विषम परिस्थितियों के दृष्टिगत REET-2021 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए किसी भी प्रकार की शुल्क वृद्धि नहीं की गई है तथा REET-2017 के अनुरूप ही शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किया गया हैः–
  - प्रथम स्तर अथवा द्वितीय स्तर (केवल एक परीक्षा) हेतु 550/–रू.
  - प्रथम स्तर एवं द्वितीय स्तर (दोनों परीक्षाओं) हेतु– 750/– रू.
- REET 2021 का प्रस्तावित कार्यकम निम्नानुसार हैः– **(परीक्षा तिथि – 25 अप्रैल, 2021 (रविवार))**
  - वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि – 11.01.2021 से 08.02.2021 (रात्रि 12.00 बजे तक)
  - चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंकों की शाखा पर शुल्क जमा कराने की तिथि – 11.01.2021 से 04.02.2021
  - वेबसाईट से प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथि – दिनांक 14.04.2021 से
  - परीक्षा तिथि – 25 अप्रैल, 2021 (रविवार)
  - परीक्षा समयः स्तर–द्वितीय (कक्षा 6 से 8)– प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक
  - परीक्षा समय : स्तर–प्रथम (कक्षा 1 से 5) – अपराह्न 2.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक